## खबर संक्षेप

### शुक्रवार होगा भव्य कवि सम्मेलन, राष्ट्रीय स्तर के कवि करेंगे शिरकत

**मण्डला।** नगर मुख्यालय में 26 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन में जगदीश मित्तल वरिष्ठ कवि राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम, मदन मोहन समर भोपाल, सुदीप भोला जबलपुर, पीके आजाद दिल्ली, अनिमेष अटल जबलपुर, आशीष सोनी नरसिंहपुर, कामता माखन रीवा, कल्पना शुक्ला दिल्ली मंडला कवि सम्मेलन में शिरकत करने आ रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय विशाल कवि सम्मेलन की तैयारियां की जा चुकी हैं यह आयोजन भाजपा जिला कार्यालय प्रांगण में शाम 6 बजे से किया जाएगा। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री जिले के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके म प्र शासन भोपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन कल

**मण्डला।** जिले में प्रसव पूर्व देखभाल की गुणवत्ता एवं कवरेज को बढ़ावा देने तथा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच, निदान एवं परामर्श सेवाओं में सुधार की दृष्टि से प्रत्येक माह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाता है। 26 दिसंबर को जिला चिकित्सालय एवं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सक द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान/एचआरपी क्लीनिक का आयोजन कर समस्त गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच एवं उपचार किया जायेगा।

## शिक्षा विभाग की खुली कलई, बिना पैसे नहीं होता कोई काम

# बीईओ के खिलाफ अध्यापक हुये लामबंद

* बदहाल शिक्षा व्यवस्था की बड़ी सर्जरी आवश्यक।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लगातार समाचार पत्रों में शिक्षा विभाग में व्याप्त बदहाली की खबरें प्रकाशित होती रही हैं लेकिन जिला प्रशासन कभी भी इनको गंभीरता से नहीं लेता और यही कारण है कि भ्रष्टाचारी अधिकारियों के हौंसले बुलंद हैं। अब जबकि अध्यापक सड़क पर हैं और जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग कर रहे हैं तो देखना होगा कि जिला प्रशासन क्या अब भी गंभीर होगा या यह मामला भी यूं ही निपट जायेगा।

अध्यापकों ने कल हल्ला बोलते हुये जिला प्रशासन एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिछिया विगत दो-तीन वर्षों से प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया जिला मंडला के पद पर कार्यरत हैं, इनके द्वारा पद का दुरूपयोग करते हुए भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसका विवरण इस प्रकार है कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा ऑडिट कराने के नाम पर विकासखंड बिछिया के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों एवं अधीक्षकों से कार्यालीन पत्र जारी कर पैसों की अवैध वसूली विगत दो वर्षों से की गई है और पैसे नहीं दिये तो कण्डिका बना दी जायेगी फिर आप जबलपुर भोपाल / ग्वालियर के चक्कर काटते रहना ऐसी धमकी दी जाकर वसूली की गई है। वसूली करने के बाद भी बी.ई.ओ. के द्वारा रिकार्ड जमा करा लिया गया किंतु ऑडिट नहीं कराया गया । जबकि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में सर्व शिक्षा अभियान से राशि जारी की जाती हैं इनके अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नहीं होने के बाद भी ऑडिट कराने के नाम से वसूली की जाती है।

विकासखंड बिछिया अंतर्गत संचालित छात्रावास / आश्रमों में आकस्मिक भ्रमण करते है, जिसमें अधीक्षकों से अत्यधिक राशि बीईओ श्री कठल जी के द्वारा रूपये प्रतिमाह भ्रष्टाचार के रूप में मांगा जाता है यदि अधीक्षकों द्वारा पैसा नहीं दिया जाता है तो उनके द्वारा अधीक्षक से हटाने की धमकी दी जाती है और राजस्व विभाग के अधिकारियों को साथ में लाकर रात्रि कालीन समय में भी छात्रावास का निरीक्षण कराया जाता है। जिससे छात्रावास / आश्रम में रहने वाले आदिवासी बच्चों को असुविधा एवं डर, भय आदि परेशानियों का सामना करना पडता है।

जब से विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछिया के पद पर कार्यरत हैं तब से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान में समक्ष बुलाकर राशि 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक राशि की मांग किया है जब कर्मचारी सहमति देता है तभी उनके स्वत्वों के भुगतान के लिए कार्यवाही की जाती है।

विकास खण्ड में पदस्थ कर्मचारियों एवं शिक्षकों के एरियर्स भुगतान बिना पैसों के नहीं किया जाता है। कर्मचारियों के एरियर्स निकलवाले हेतु ट्रेजरी के नाम पर 10 से 15 प्रतिशत राशि की मांग किया जाता है विकासखंड शिक्षा अधिकारी को बिना राशि दिये कर्मचारियों को एरियर्स भुगतान नहीं होता है।

शिक्षक संवर्ग एवं कर्मचारियों का स्वैच्छिक स्थानांतरण स्वयं के द्वारा कराया जाता है किंतु कार्यमुक्त होने एवं विकासखंड बिछिया में कार्यभार ग्रहण कराने के लिए बीईओ द्वारा रिश्वत के रूप में 20 हजार रूपये देना पड़ता है यदि स्थानांतरित कर्मचारियों द्वारा पैसा नहीं दिया जाता है तो इनके द्वारा फाइल फेंक दिया जाता है और कार्यमुक्त नहीं किया जाता है एवं अन्य स्थान से आये कर्मचारियों को ज्वाइनिंग नहीं कराया जाता है। जिले के कार्यरत कर्मचारियों / अधीक्षकों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिनियुक्ति से आये शिक्षकों के क्रमोन्नति फाइलों में हस्ताक्षर बिना पैसे लिए नहीं किया जाता है।

विकासखण्ड अंतर्गत पदस्थ महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश में जाने पर बिना राशि लिए अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाता है।

कर्मचारियों द्वारा अपने व्यक्तिगत कार्य के लिए विकास खण्ड कार्यालय जाने पर उन्हें डांट फटकार करते है। एवं उन्हें धमकाया जाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्य व्यवहार कर्मचारियों के प्रति ठीक नहीं है। इनके कार्य व्यवहार से कर्मचारी परेशान एवं डरे हुए हैं।

उच्च प्रभार में जाने वाले शिक्षकों से स्थान सुरक्षित करने के नाम पर 40 से 50 हजार रुपए की वसूली कर भ्रष्टाचार किया गया है।

क्रमौन्नति की फाइलें कई दिनों से कार्यालय में जमा होने के बाद भी आगे नहीं बढाई जाती है एवं क्रमर्मोन्नति प्राप्त शिक्षकों का फिक्शेशन नहीं किया जाता है जिससे वे क्रमाँन्नति के लाम से वंचित हैं। जब तक इन कामों के लिए राशि जमा नहीं की जाती है तब तक क्रमाँन्नति प्राप्त शिक्षकों के काम नहीं होते है।

प्रभारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिछिया के पास सीएम राइज घुटास, विकास खण्ड मवई, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बिछिया एवं डीपीसी मण्डला तीन तीन प्रभार होने से समय पर कर्मचारियों का कार्य नहीं हो पाते है कर्मचारी परेशान रहते हैं। विगत लंबे समय से कर्मचारियों के प्रकरण कार्यालय में लंबित हैं।

इस तरह के गंभीर आरोप लगाते हुये कल अध्यापकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर यह ऐलान किया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को यदि पद से पृथक नहीं किया जाता है तो आजाद अध्यापक शिक्षक संघ धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अवैध शराब से भरी वेन पलटी एक युवक की दबकर मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

बीती रात्रि निवास के नजदीकी ग्राम कोहका के तीन युवक मारुति वेन में जबलपुर जिला कुंडम थाना क्षेत्र सीमा से अवैध शराब परिवहन कर ला रहे थे तभी रास्ते में वाहन पलट गया, जिसमें एक युवक की दबकर मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद शराब सहित पकड़े जाने के डर से बाकी दो युवकों ने मृतक साथी पर ध्यान न देकर दूसरा वाहन बुलाया और इसमें शराब लोड करते रहे तब तक कथित रूप से दबे हुये युवक की दुखद मौत हो चुकी थी, वहीं मृतक के परिजनों ने मृतक के साथियों पर साजिशन हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुये सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सुबह 8 बजे से मंडला जबलपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगाते हुये प्रशासन से न्याय की मांग करते रहे।

ज्ञात हो कि उक्त घटना जबलपुर पुलिस सीमा पर होने के कारण स्थानीय प्रशासन को माहौल शांत करने में देरी हुई, इस बीच लगभग 3 घंटे रोड़ जाम रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। परिजनों की मांग पर पोस्टमार्टम करने मंडला से डॉक्टरों को बुलाया गया और शव मरचुरी हाल तक ले जाया गया लेकिन इस बीच परिजनों को फिर लगा कि स्थानीय पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में राजनीतिक दखलदांजी हो सकती है अतः शव को जबलपुर ले जाया गया।

मृतक के परिजन प्रशासन से कथित दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहा था, जिसके बाद पुलिस ने बाकी आरोपियों को शुरक्षा के नजरिये से लॉकअप में बंद रखा। उक्त घटना में तीनों युवक एक ही ग्राम के हैं जिनमें युवक मृतक सत्यम बर्मन जो खुद के वाहन को चला रहा था।

### इनका कहना है :-

*अफसोस की बात है कि प्रदेश सहित मंडला जिला के निवास क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन व बिक्री जोरो पर है स्थानीय प्रशासन लगाम लगाने में विफल है।*

**-चैनसिंह बरकड़े,**
**(कांग्रेस विधायक निवास)**



## संघर्षशील आदिवासी महिला को अंतर्राष्ट्रीय मंच ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बरखेड़ा (पोस्ट औरई, तहसील बिछिया) की रहने वाली श्रीमती रागिनी परते 14 वर्ष की उम्र से सामाजिक चेतना जागी उनका मील का पत्थर था ग्रामीण क्षेत्र में अपनी आजीविका चलाने के लिए सिर पर लकड़ियों का गट्ठर पीठ में अपना बच्चे का बोझ 5 से 10 कि .मी.का सफर फिर भी उन्हें ये लकड़ी का संबोधन ने झकझोर कर रख दिया इसके बाद से महिलाओं बालिकाओं के लिए लड़ती रही स्कूली शिक्षा के साथ साथ अपने साथियों के साथ इस चेतना को आगे बढ़ाया परम श्रद्धेय गुरु सहपाठी स्वर लहरी प्रेम शाह मरावी जी के साथ गांव गांव जाकर आदिवासी धर्म संस्कृति इतिहास की अलख जगाई सेवा धर्म कार्य किए गए उनके निरंतर सामाजिक कार्यों के लिए फिर से सम्मानित किया गया। उन्होंने गाँव से लेकर राज्य स्तर तक कई महत्वपूर्ण पदों को संभाला हैः जनपद सदस्य एवं पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि, आदिवासी कांग्रेस में प्रदेश महामंत्री, मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी (नरसिंह पुर), नारी सम्मान योजना प्रभारी (शहडोल), रानी दुर्गावती फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष (गढा मंडला), महिला स्वास्थ्य समन्वयक एवं तेजस्विनी महिला सशक्तिकरण ट्रेनर, जिला अध्यक्ष, महिला कांग्रेस एवं तेजस्विनी दुर्गावती महिला महासंघ की सलाहकार, आत्मा किसान कल्याण कार्यक्रम (बिछिया) में सलाहकार एवं किसान दीदी मित्र।

2008 के विधानसभा चुनाव से कांग्रेस की सक्रिय सदस्य रागिनी परते ने महिलाओं को जागरूक कर पार्टी में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किया है। उन्होंने झाबुआ में 2019 के उपचुनाव कांति लाल भूरिया जी की जीत में महिला समूहों को संगठित किया और 2021 में उपचुनाव रैगांव में कल्पना वर्मा जी की विजय में भी सक्रिय सहयोग दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल होकर जेल भी गईं, परन्तु उन्होंने हार नहीं मानी। राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर मगधा रोड के निर्माण की स्वीकृति दिलाने में उनका योगदान यादगार है। वहीं गोंडवाना महासभा के मंच से आंदोलनों में भाग लिया गोंडवाना महासभा एवं सामाजिक संगठनो से सतत संपर्क महिला हिंसा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता अभियानों को अंजाम देते हुए। बालिका पलायनो को लेकर गहन अध्ययन कर पीड़ित परिवार जनो को उचित मार्गदर्शन देने का काम किया।



रागिनी परते ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी नारी शक्ति की आवाज उठाई। चयनित जनप्रतिनिधि की श्रृंखला में 2023 के लिए इंडियन स्कूल ऑफ़ डेमोक्रेसी के लिए भी चयनित हुई। इसी श्रृंखला में आप सीजन 2 में अगस्त 2025 जिसमें पूरे देश से आए कोहार्ट प्रतिनिधियों के द्वारा वोट करके राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, 3 मूल्यों पर किए गए उत्कर्ष कार्य के लिए प्रथम स्थान मध्यप्रदेश को मिला जिसका प्रतिनिधित्व रागिनी जी ने किया था। वहीं नवंबर 2025 सीजन 3 में मुंबई में महिला वादी राजनीति रसोई से राजनीति तक महिलाओं का प्रतिनिधित्व मध्यप्रदेश से किया ।वहीं चयनित जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व संयुक्त राष्ट्रसंघ के लिए चुनी गई जो कि 5 दिसंबर 2025 को उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच ने सम्मानित किया, वहीं दिसंबर 2025 राजीव गांधी पंचायती राज संगठन महामंत्री बनाया गया।

## उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय भुआबिछिया में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का समापन



**भुआबिछिया।** शासकीय उत्कृष्ठ उच्चतर मा. विद्यालय भुआबिछिया में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की लोकव्यापीकरण योजना के अंतर्गत महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, द्वितीय दिवस में कार्यक्रम के मुख्य विषय बच्चों में गणित के भय को दूर करना एवं विषय को रोचक बनाना पर गणित शिक्षिका आरती मोदी द्वारा विस्तार से समझाया गया एवं गणित विषय की महत्त बताई गई जैसे नाग के सिर पर मणि, मोर के सिर पर कलगी शोभित होती उसी प्रकार सभी वेद, शास्त्रों में गणित शोभित होता हैं, मार्गदर्शी शिक्षक पी के गुप्ता के द्वारा गणित विषय के चुनाव से भविष्य को संवारने के सम्बन्ध में समझाया गया, विषय विशेषज्ञ मंजू श्रीवात्री के द्वारा गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया तथा परिचर्चा,रंगोली,निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण एवं सभी सहभागियो को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित, जे पी कछवाह,रेवती धुर्वे, मुकेश साहू, आर पी नेवल, असित लोध, राहुल पटेल, प्रवीण बैरागी, आदित्य मिश्रा, माधुरी बिसेन, सोनम राय, विकास जंघेला, नीता तिवारी मोहिनी, श्रुति सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती आरती मोदी द्वारा किया गया।

## भ्रष्टाचार | कार्यपालन यंत्री के लाड़ले उपयंत्री पर विभाग के ही लोग लगा रहे आरोप।

# सड़कें तो सुधरी नहीं भुगतान कैसे हो रहा

* बीटी पेच वर्क को लेकर मचा घमाशान।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

**नगर के लोग सड़कों की दुर्दशा को लेकर वर्षो से परेशान हैं मण्डला, जबलपुर मार्ग ने तो सड़कों के नाम से लोगों को इतना दुखी किया है कि अब सड़कों का विकास यहां के निवासियों को डराने लगा है। नगर की एवं नगर के आसपास की सड़कें जो कभी एक समय में बेहतर हुआ करती थी पिछले कुछ समय से न केवल बदहाल हैं बल्कि आवागमन के दृष्टिकोण से भी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसी स्थिति में यदि यह बात निकलकर सामने आ रही हो कि इन सड़कों के सुधार कार्य की राशि हवा-हवाई हो चुकी है तो फिर लोगों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है।**

मण्डला नगर के आसपास की वे सड़कें जो लोक निर्माण विभाग के आधीन आती हैं उनके बारे में विभाग के ही सूत्र बताते हैं कि रखरखाव, मरम्मत, पेचवर्क, डब्ल्यूएमएम आदि के नाम से भुगतान संबंधितों को कर दिया गया लेकिन हकीकत में काम हुआ ही नहीं। बरसात के पूर्व इन मरम्मत कार्यो के टेंडर जारी हुये और फिर बरसात प्रारंभ हो गई बरसात भी भरपूर हुई यह तो जगजाहिर है कि बरसात में डामर की सड़कों का डामर के माध्यम से किसी तरह की मरम्मत होती नहीं और फिर बरसात बाद सड़क मरम्मत के कोई निशान दिखाई भी नहीं दिये और कहा जा रहा है कि लाखों रूपयों का भुगतान कर दिया गया। भ्रष्टाचार की यह कहानी मण्डला अनुविभागीय क्षेत्र एवं निवास अनुविभागीय क्षेत्र की बताई जा रही है दुर्भाग्य यह कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस संबंध में किसी तरह के आंकड़े न तो देते हैं और न ही सार्वजनिक किये जाते हैं। पिछले काफी समय से इस तरह के हथकंडे अपनाये जाते रहे हैं कि कागजों में काम तो पूरा नजर आता है लेकिन मैदानी काम थोड़ा ही होता है अब तो हद यह हो रही है कि कागजों में तो काम पूरा दर्शाया गया लेकिन हकीकत में हुआ ही नहीं। जब बिना काम के भुगतान हुआ हो तो फिर हल्ला तो होना ही था। पिछले दिनों इस संबंध की जब खबरें मीडिया में प्रकाशित हुई तो आनन-फानन में जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और जो आरोप लग रहे हैं उसके लिये जांच कमेटी गठित करने की बात कही गई जांच कमेटी गठित हुई अथवा नहीं जांच हुई अथवा नहीं इस तरह की कोई जानकारी फिलहाल कोई देने को तैयार नहीं। जिस उपयंत्री के हस्ताक्षर से बिलों के भुगतान बताये जा रहे हैं उस उपयंत्री का दावा है कि मेरे द्वारा जो काम कराये गये हैं भुगतान उन्हीं का हो रहा है किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं है कि काम न हुआ हो और भुगतान हो गया हो। जबकि इन्हीं कामों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी का अपना अलग दावा है कि उन्हें अवगत कराये बिना उपयंत्री के हस्ताक्षर मात्र से ही लाखों के बिलों का भुगतान कर दिया गया है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। चर्चा है कि पिछले कुछ समय से लोक निर्माण विभाग में 3-4 ऐसे नाम चर्चा में हैं जिनके इर्द-गिर्द ही भुगतानों की कहानी चलती है और ये कंस्ट्रक्शन फर्मे स्थानीय तो नहीं हैं लिहाजा क्या जांच कमेटी इनकी भी कोई जांच करेगी अथवा मामला ठण्डे बस्ते में चला जायेगा। जो भी हो लोगों का यह कहना है कि सड़कों की स्थिति बेहतर हो और जिनके द्वारा सिर्फ कागजों में काम करके भुगतान किया जा रहा है उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये।

## एक रोटी भले कम खाएं, लेकिन बच्चों को शिक्षित बनाएं

* कुर्मी समाज की कथा वाचिका देविका पटेल।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला के ग्राम करिया गांव में कुर्मी समाज की देविका पटेल जी की मधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन उपस्थित जनमानस को देविका पटेल ने बताया कि आज हमें बच्चों को शिक्षित करना अत्यंत जरूरी है। लेकिन बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनमें संस्कारों की भावना भी जगाना उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि बगैर संस्कार के शिक्षा का कोई महत्व नहीं रह जाता। कथा के दौरान देविका पटेल ने समस्त श्रद्धालुओं, धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया कि आप भले जीवन में एक रोटी कम खाएं अर्थात अपनी भौतिक आवश्यकताओं को भले आप कम कर दें, लेकिन बच्चों को जितना ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बना सके बनाएं। उससे न सिर्फ आपके परिवार में सम्पन्नता आएगी बल्कि समाज और राष्ट्र भी विकास के मार्ग पर प्रशस्त होंगे। देविका ने कहा कि लोगों में भ्रांति है कि सिर्फ हमें अपने बेटों को ही शिक्षित करना चाहिए। बेटियों का क्या? बेटियों को तो एक दिन शादी होकर दूसरे के घर जाना ही हैं। लेकिन आपने कहा कि बेटियों को भी वर्तमान समय में हमें हर पहलू से सशक्त बनाना होगा। तभी समाज का संतुलन बना रह सकता है। अपनी कथा के दौरान देविका पटेल ने बताने का प्रयास किया कि पहले हमारे समाज को शिक्षा का अधिकार प्राप्त नहीं था लेकिन सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले जैसी मातृ शक्तियों ने महिलाओं सहित पिछड़े वर्गों को शिक्षा के अधिकारों से जोड़ने का जो एक अथक प्रयास किया। उसके परिणाम स्वरूप ही हम आज सशक्त समाज का हिस्सा बन पाए हैं। देविका पटेल ने बताया कि संसार में जो भी सुख है वह क्षणिक मात्र लेकिन यदि हम राम नाम संकीर्तन करते हैं तो हमें जीवन का सच्चा सुख प्राप्त होता है। देविका पटेल ने वर्तमान समय में आधुनिक जमाने के माता-पिता से भी आग्रह किया कि जिस तरीके से आधुनिकीकरण के जमाने में हम अपने बच्चों का नामकरण ना जाने किस-किस रूप में कर देते हैं। जिस नाम का कोई अर्थ ही नहीं होता। ऐसे नामकरण से भी हमें बचना चाहिए। हमें अपने बच्चों का नाम ईश्वर, प्रकृति आदि के नाम पर रखना चाहिए। क्योंकि इससे हमारे अंत काल में जब हम अपने परिवार को अपने करीब पाते हैं, तो अनायास ही हमारे मुख से अपने आराध्य का नाम स्वतः निकल जाता है और हमें मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो देविका पटेल अपनी कथा के दौरान समाज में व्याप्त रूढ़िवादिताओं के खिलाफ सशक्त वार करते हुए समाज में नवीन चेतना लाने का प्रयास करती हैं। विगत दिवस मंडला नगर से बड़ी संख्या में कुर्मी समाज की महिलाओं ने भी कारियागांव जाकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया साथ ही भारत के संविधान की मूल भावनाओं को समझा।

खबर संक्षेप

## शराब के नशे में बाइक दौड़ाये जाने से एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** समीपस्थ तेंदूखेड़ा घघरौला के पास एक युवक द्वारा शराब के नशे में मस्त होकर लापरवाही पूर्वक मोटर साईकिल चलाते हुये टक्कर मारे जाने के चलते युवक की हुई मौत के चलते पुसिल ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नरेश कुमार पिता नंद किशोर लोधी उम्र 32 साल निवासी तेन्दूखेड़ा छोटा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर पुलिस द्वारा जांच करते हुये पाया कि बीते हुये दिवस मृतक नरेश कुमार लोधी अपने भांजा घन श्याम पिता बाबू लाल लोधी निवासी ग्राम मिढवानी देवरी के साथ न्यू स्पैलेण्डर मोटर साईकिल से चीचली कुछ समान खरीदने के लिये गये हुये थें। जब वहां से वापिस आ रहे थें तो मोटर साईकिल घनश्याम चला रहा था। ग्राम तेदूखेडा घघरौला के बीच पहुंचे तो सामने गोटीटोरिया की ओर से एक मोटर साईकिल क्रमांक MP49ZE-4493 का चालक अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया और नरेश कुमार की मोटर साईकिल में सामने से टक्कर मार दी गई जिसके चलते नरेश तथा उसका भांजा घन श्याम गंभीर रूप से घायल होने के चलते मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस सेवा की 112 नम्बर पर दिये जाने के चलते चीचली पुलिस द्वारा दोनों घायलों को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों द्वारा जांच करने के उपरांत नरेश कुमार वर्मा को मृत घोषित किये जाने के चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शराब के नशें में बाइक चलाते हुये घटना को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## श्रीमति थापा का निधन



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** नगर के जाने माने पत्रकार साथी अर्जुन सिंह थापा की माताश्री का बीते हुये दिवस लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। श्रीमति थापा की शव यात्रा में नगर के अनेक लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## उधारी के पैसा मांगे तो महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के पतलोन गांधी वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने चाचा के घर पुराना बस स्टेन्ड गई हुई थी। उसी दौरान नर्मदा कालोनी निवासी नीरज साहू मिला जिसे प्रार्थिया द्वारा पैसा उधार दिये थें वह मांगे तो आरोपी द्वारा वापिस पैसा देने से इंकार करते हुये गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुसिल ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## जान से मारने की धमकी देने वाले पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** मसीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी अयोध्या प्रसाद पिता सुखाम वर्मा उम्र 65 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब मैं अपने घर के पास सो रहा था उसी दौरान घर के सामने रहने वाले कृष्णकांत पिता राम दयाल वर्मा आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई।

## ग्राम कोठिया से माँ नर्मदा तट तक तीन करोड़ से भी अधिक राशि बनने वाली सीमेन्ट सड़क का भूमि पूजन

### श्रद्धा व विकास के संगम से श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ- विधायक पटैल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा











समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र तथा गाडरवारा तहसील के ग्राम कोठिया से माँ नर्मदा जी तट तक पहुंचने के लिये जिस प्रकार से नर्मदा कच्चा रास्ता होने के कारण भक्तों को पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्योंकि इस मार्ग के दोनों ओर किसानों के खेत होने के चलते सिंचाई के दौरान जब पानी मार्ग पर भर जाता था तो नर्मदा जी के किनारे तक वाहन पहुंचना मुश्किल होने के चलते नर्मदा भक्तों को पैदल जाने के लिये ही मजबूर होना पड़ता था। ज्ञात हो कि माँ नर्मदाजी के कोठिया घाट पर जहां ब्रम्हदेव का मंदिर होने के चलते भक्तों का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी ओर हर साल मकर संक्राति के तथा नर्मदा जयंती के अवसर पर यहां भव्य मेले का आयोजन होने के साथ माह की हर पूर्णिमासी को भक्तों का जन सैलाव उमड़ते हुये देखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये ग्राम कोठिया से नर्मदाजी के तट तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। नर्मदा भक्तों की इस मांग को क्षेत्र के विधायक माटी पुत्र विश्वनाथ सिंह पटैल द्वारा गंभीरता से लेते हुये नर्मदा भक्तों की मांग को पूर्ण करने में कोई कसर नही छोड़ी गई। इस तरह ग्राम कोठिया से नर्मदा तट तक लगभग 2.2 किलो मीटर लम्बाई वाले इस मार्ग पर सीमेन्ट सड़क के लिये बीते हुये बुधवार को क्षेत्र के सांसद चौधरी दर्शन सिंह के मुख्य अतिथ्य तथा क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल की अध्यक्षता में 3 करोड, 71 लाख 28 हजार रूपया रूपया की राशि से बनाई जाने वाली सीमेन्ट सड़क के भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व विधायक भैयराम पटैल, भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक, प्रदेश कार्य कारणी सदस्य अवधेश प्रताप सिंह पटैल मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने ने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य शाली बनेगा। क्योंकि माँ नर्मदा जी के पावन तट तक सड़क निर्माण के कार्य का भूमिपूजन हम सबके लिए केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और श्रद्धा से जुड़ा हुआ एक ऐतिहासिक क्षण है। माँ नर्मदाजी केवल एक नदी नहीं हैं, बल्कि हमारी जीवन दायिनी माँ हैं। उनके दर्शन और पूजन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। वर्षों से क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की यह मांग रही कि माँ नर्मदा जी के तट तक सुगम, सुरक्षित और पक्की सड़क का निर्माण हो। ताकि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा के माँ नर्मदाजी के किनारे तक अपने वाहनों से पहुंच सके। विधायक पटैल ने कहा कि आज मुझे प्रसन्नता है कि जनभावनाओं को समझते हुए यह मांग पूरी होने जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व वाली हमारी भाजपा सरकार और जनप्रतिनिधि सदैव "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, पानी और मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाना हमारी प्राथमिकता रही है और यह परियोजना उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र गंगोलिया, धनंजय पटेल, जनपद सदस्य भागवेंद्र ममार, भाजपा के वरिष्ठ नेता चो,विजय सिंह, रमाकांत शर्मा, राजकुमार रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप कौरव, इश्वर गुर्जर,नीरज शर्मा, सुशील अग्रवाल, भैयाजी टेकन, राजेंद्र ढ़मिोले, राजेंद्र पटेल, जितेंद्र शर्मा, रामेश्वर कौरव, श्रवण कौरव, मुकेश पटेल, राव राजेंद्र सिंह, शिवराज पटेल, बाबूलाल खोजर, रजत कौरव, सीताराम लोधी, माकांत कौरव, शैलेन्द्र कौरव, भोजराज जाटव, शंकर केवट, बच्चू बड़कुर, दुर्गेश कौरव, राव ब्रजेश कौरव, वीरन जाटव, लक्ष्मीबाई जाटव अन्य लोग मौजूद थें। इस तरह म. प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग नरसिंहपुर के अंतर्गत इस सड़क निर्माण होना है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि तीन करोड़ से अधिक की राशि से बनाई जाने वाली यदि इस सड़क का निर्माण पूर्ण निष्ठा व गुणवत्ता के साथ हुआ तो निश्चित ही नर्मदा भक्तों के लिये एक बड़ी सौगात साबित होने से नही चूक पायेगी..?

## नशे की लत ने रिस्तों को किया तार तार, बडे भाई ने छोटे भाई पर फावड़े से हमला करते हुये की हत्या, आरोपी भाई को गिरफ्तार करते हुये पुलिस ने भेजा जेल

गाडरवारा।



नशे की लत का शिकार होने वाला व्यक्ति जहां अपने संपूर्ण परिवार को बर्बादी की कगार पर पहुंचाने से नही चूकता है। वही दूसरी रिस्तों की मर्यादा को भूलकर तार तार करने में भी पीछे नही रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर की इन्द्रा कालोनी में उस समय देखने मिली जब बडे भाई ने अपने छोटे भाई की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बडा भाई तेजराम उर्फ शैलेश उर्फ शैलेन्द्र धानक रात को दो बजे नशे की हालत में अपने घर पहुंचा और परिजनों को गाली गुप्तार करने लगा। इसी के चलते छोटे भाई राकेश धानक द्वारा इसे इस हरल गाली देने से रोके जाने की बात को लेकर तेजराम ने पास में पड़े हुये फावडे से अपने छोटे भाई के ऊपर बार करते हुये गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस तरह घायल राकेश धानक को परिवार के लोग उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो सिर में गंभीर घाव होने के चलते डाक्टरों द्वारा मृत घोषित करते हुये घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस तरह हत्या की घटना की खबर मिलने पर नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा गंभीरता से लेते हुये अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेष मीना द्वारा मामले की जांच गंभीरता से करने व आरोपी को गिरप्तार करने के लिये निर्देश जारी किये। इस तरह अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में आरोपी की खोजबीन के लिये एक टीम का गठन किया गया। इस तरह बनाई गई टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक अर्जुन सिंह बघेल, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, महेन्द्र शुक्ला, आरक्षक रूपेन्द्र चैबे, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, शिवम पटैल, देवेन्द्र सोनवंशी, रामसिंह को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये आरोपी तेजराम को भागने के प्रयास में नगर के रेल्वे स्टेशन के पास छिपकर बैठा होने की सूचना मिलते ही घेराबंदी करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई। वही मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुये गिरप्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लिया गया है। इस तरह नगर में घटित हुई हत्या की घटना से जहां सनसनी का माहौल निर्मित होने से नही चूक पाया है। वही दूसरी ओर टीआई विक्रम रजक की सूझ बूझ के चलते हत्या का आरोपी घटना के 24 घंटे पूर्ण होने के पहले ही जेल की सलाखों के पीछे पहुंचने से नही चूक पाया है। मगर नशे की लत को लेकर जिस तरह निस्तों की मर्यादा को तार तार करने वाली घटना सामने आई है वह चिंता में डालने से नही चूक पा रहा है।

## अधिवक्ता संघ चुनाव में हिमांश अध्यक्ष तो शंभु उपाध्यक्ष व सुनील सचिव तथा रीतेश कोषाध्यक्ष के पद पर हुये निर्वाचित







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा** निश्चित ही बीता हुआ बुधवार का दिन गाडरवारा नगर के लिये महत्वपूर्ण साबित होने से नही चूक पाया। क्योंकि कल बुधवार को जिस तरह नगर में घटित हुई हत्या की घटना से सनसनी का महौल देखने मिला तो दूसरी ओर नगर में संपन्न हुये अधिवक्ता संघ के चुनावों एक अनोखा महौल निर्मित कर दिया गया था। इस तरह बीतने की ओर जा रहे वर्ष 2025 का अंतिम पखवाडा नगरवासियों के लिये यादगार बनकर रह गया है। स्थानीय अधिवक्ता संघ के वर्ष 2025 -27 के द्विवार्षिक चुनावी प्रक्रिया को लेकर में सह सचिव पद हेतु शुभम कुमार श्रीवास्तव, ग्रंथपाल पद हेतु कुमारी सत्यवती चौधरी निर्विरोध आ चुकें हैं। इसके चलते अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के पदों के लिये चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिये अधिवक्ता संघ निर्वाचन करने की जवाबदारी हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुजीत दुबे, सहायक निर्वाचन अधिकारी दामोदर साहू, सुरेंद्र सिंह गुर्जर तथा शैलेंद्र वर्मा को बनाया था। इस टीम द्वारा चुनावी प्रक्रिया को निष्ठा के साथ संपन्न कराते हुये अपने परिणाम घोषित किये गये। संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिये कुल 196 मतों में से डाले गये 185 जिसमें 1 मत निरस्त पाये जाने पर कुल वैद्य मतों की संख्या 184 रही, जिसमें अधिवक्ता हिमांशु दुबे को 113 मत तरे अधिवक्ता नितिन अग्रवाल को 71 मत प्राप्त होने से अधिवक्ता निर्वाचित घोषित किये गये। इसी प्रकार से उपाध्यक्ष के लिये डाले गये 185 मतों में से अधिवक्ता पुरूषोत्म कुर्मी को 24 मत तो अधिवक्ता नरेन्द्र रघुवंशी को 62 मत तथा अधिवक्ता शंभु दायल सराठे को 71 मत प्राप्त होने से शुंभ दयाल सराठे निर्वाचित घोषित किये गये। वही सचिव पद के लिये संपन्न कराई गई चुनावी प्रक्रिया में डाले गये कुल 185 मतों में से अधिवक्ता नीरज कटारे को 38 मत व अधिवक्ता महेन्द्र कुमार त्रिपाठी को 51 मत तथा अधिवक्ता सुनील कुमार गुर्जर को 96 मत प्राप्त होने से सनील निर्वाचित घोषित किये गये। वही कोषाध्यक्ष के लिये डाले गये कुल 185 मतों में से 1 मत निरस्त होने के चलते वैद्य मतों की संख्या 184 रही जिसमें अधिवक्ता रीतेश कुमार अग्रवाल को 106 मत तो अभिषेख कुमार गुप्ता को 78 मत प्राप्त होने पर अभिषेक कुमार गुप्ता निर्वाचित घोषित किये गये। इस प्रकार अधिवक्ता संघ की चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिये बनाई गई टीम द्वारा अपनी मतगणना के उपरांत अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता हिमांशु दुबे, उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता शंभु दयाल सराठे, सचिव पद पर अधिवक्ता सुनील कुमार गुर्जर व कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता रीतेश कुमार अग्रवाल को निर्वाचित घोषित किया गया। इस तरह निर्वाचित होने वाली सभी पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं द्वारा बधाई देते हुये देखा गया।

## नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू कर सड़क पर कब्जा जमाने वालों को दी समझाईश





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में फैले हुये अतिक्रमण की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि लोगों द्वारा जिस तरह मुख्य मार्गो पर कब्जा जमाया हुआ है उसका परिणाम है कि लोगों को जहां बाजार क्षेत्र में पैदल निकलना मुश्किल होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर आये दिन सड़क दुर्घनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा तो इस तरह अतिक्रमण करते हुये सड़के आसपास अपने टप जमा लिये गये है और उन पर अपना अधिकार जमाते हुये किराये से चलाने में पीछे नही रहे रहे है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो उन टपे का गरीब लोग नजर आते है। मगर उस अतिक्रमण के मुख्य कर्ता धर्ता प्रभाव शली व पैसा बाले लोग है जो शासकीय भूमि पर कब्जा जमाते हुये गरीबों का शोषण करने में पीछे नही रह रहे है। यह बात अलग है कि पूर्व के समय में भी इस तरह अधिक्रमण को हटाने की मुहिम चलाई गई है मगर वह सच्चाई गरीबों के चंद ठेले हटाते हुये प्रभावशालियों को संरक्षण की मुद्रा जैसी प्रतित होने से नही चूक पाई है। अब नगर पालिका द्वारा नगर की सड़को से अतिक्रमण हटाने की मुहिम की शुरूआत तो की गई है। मगर अब देखा जाता है कि यह मुहिम प्रभावशालियों का अतिक्रमण हटाने तक पहुंच पाती है कि मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा..? मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये बुधवार को स्थानीय नगरपालिका प्रशासन ने शहर के आमगांव तिराहा, पुराना बस स्टैंड, झण्डा चौक, शुक्रवारा मार्ग कर लगी फुटपाटी दुकानों एवं दुकानदारों के सामने रखा सामान हटाने का अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान में मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, थाना प्रभारी विक्रम रजक, राजस्व विभाग से योगेंद्र ढिमोले, अमित कोष्टी,आनन्द कौरव,बबलू चौहान, राकेश पटैल, शहजाद बक्स आदि उपस्थित रहे।

## बगैर परमिट दौड़ रहे अनेक कंपनियों में किराये से लगे हुये चार पाहिया वाहन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आबादी के बढ़तो दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है,जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है जिसको लेकर देखा जाता है कि प्रशासन द्वास वाहन चैकिंग के नाम पर कभी कभार कागजी खाना पूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराये से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है। मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरासर परिवहन नियमों की अवहेलना हो रही है वही एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है, वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व मे भी कमी आ रही है, देखने मे आ रहा है कि अधिकांश जीप,मार्शल, बुलेरो, स्कारपियों या उसे जैसे वाहन निजी कंपनियों में किराय पर सवारी ढोने के काम मे लगे हुए है। इस प्रकार वाहन मालिक टैक्स की राशि बचाकर अपने वाहनों को सवारियों के परिवहन मे लगा देते है और परिवहन विभाग कभी इसी जांच के लिए व्याापक अभियान नही छेड़ता, परिणाम स्वरूप ऐसे वाहन धडल्ले से चल रहे और इनकी संख्या दिनोदिन बढ़ती जा रही है, जब कोई दुर्घटना होती है तब अधिकारियों से लेकर आम पब्लिक हाथ मलते रह जाती है, नगर में स्थित व क्षेत्र में स्थित अनेक कंपनियों में इसी प्रकार अधिकांश शासकीय विभागों मे निजी वाहनों को किराए पर लगाया गया है, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी सरकारी दप्तर से आवश्यकता होने पर जो वाहन किराए पर लगाए जाएं उनका रजिस्ट्रेशन परिवाहन विभाग मे टैक्सी वाहन के रूप मे होना अनिवार्य है, परिवहन विभाग के पास इन वाहनों पर कार्यवाही किये जाने की जानकारी नही मिली,शासन के आदेश की विभागीय अधिकारी विभाग भी इस दिशा मे उदासीनता प्रदार्शित करते हुये जान पड़ रहे है।

## बिजली विभाग की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में घटित हो सकती है किसी दिन बड़ी घटना

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा लोगों को बिजली प्रदान करने के नाम पर बिलों की बसूली करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा हर वर्ष बिजली विभाग को लाईनों में रख रखाव के नाम पर भी करोड़ो रूपया खर्च किये जाते है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा बिजली लाईनों के रख रखाव में बरती जा रही उदासीनता के चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गांवों जिस प्रकार से वर्षो पुरानी लाईनों के माध्यम से बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतो से लेकर गांवों में बिजली सप्लाई की जाती है उसके चलते आये दिन लाईनों में खराब होने के कारण जहां लोगों को अघोषित बिजली का संकट झेलने के लिये मजबूर होते हुये तो देखा ही जाता है। वही दूसरी ओर किसानों के खेतों से लेकर गांवों में वर्षो पुराने बिजली तार जिस प्रकार से झूला झूलते हुये देखे जाते है उसके चलते जब जरा सी हवा चलती है तो वह चिग्गारी छोड़ने से नही चूकते है। इसी का परिणाम है कि हर वर्ष सैकड़ो किसानों की खेतों में खड़ी हुई फसल जहां जलकर खाक हो जाती है। वही गांवों में लोगों के आशियाने भी जलने से नही बच पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका, सांईखेड़ा सहित चीचली विद्युत वितरण केन्द्रो के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों मे देखने मिल रही है जहां पर गांव के अंदर लगी हुई बिजली लाईन की स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों के घरों के ऊपर बिजली तार झूला झूलते हुये नजर आने के साथ किसी बड़ी घटना को आमंत्रण देते हुये जान पड़ रहे है? इस प्रकार से ग्राम के अंदर लोगों के घरों के ऊपर से खस्ता हाल स्थिति में झूल रहे तारों से आये दिन हवा चलने के दौरान चिंगारी निकलते हुये देखी जाती है वही ग्रामवासियों की जिन्दगी के लिये पूर्णरूप से खतरे की घंटी बजाने से भी नही चूक रहे है।

## पति पत्नी सहित बेटी के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



जब लोगों के दिलों में किसी बात की बुराई बैठ जाती है तो वह सदा ही झगड़े पर उतारू रहने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कुड़ारी में देखने मिली। जहां पर पुरानी बुराई के चलते पति पत्नि सहित बेटी के साथ पडौस में ही रहने वाले सामाजिक लोगों द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुडारी निवासी एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ग्राम कुडारी में मेरा मकान एवं वीरन, मट्टू कीर का मकान आजू बाजू है। साबन के महीने मे वीरन कीर से विवाद हुआ था उसी बात की वीरन कीर तथा उसका परिवार बुराई रखते है। बीते हुये दिवस जब प्रार्थिया अपने देवर हरेन्द्र कीर के घर से अपने घर पैदल आ रही थी उसी समय रास्ते वीरन कीर, राम भरोस कीर, मट्टू कीर व अजय कीर मिले जो पुरानी बुराई को लेकर प्रार्थिया को गंदी गंदी गालिया देने लगे। प्राथिया द्वारा जब गाली देने से मना किया तो उसके साथ लोहे की राड से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसके बाद जब प्रार्थिया का पति केहर सिंह तथा बेटी राधिका बीच बचाव करने के लिये आई तो उनके साथ भी आरोपियों द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी राम भरोसे कीर, अजय कीर, मट्टू व कीरन कीर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय अमरपुर कॉलेज चलो अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और कॉलेज चलो अभियान प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार मरावी मार्गदर्शन में विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर कॉलेज चलो अभियान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर शासकीय पीएम श्री उच्च. माध्य. विद्यालय निघोरी भानपुर एवं कमकोमोहनियां का भ्रमण कर महाविद्यालय की आगामी सत्र 2026 - 27 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, आवास सहायता योजना, निःशुल्क पुस्तक वितरण योजना एवं संबल योजना आदि की विद्यार्थियों और विद्यालय स्टॉफ को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कॉलेज चलो अभियान में महाविद्यालय स्टॉफ डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. सुनील काकोड़िया, समीर धुर्वे एवं ओमप्रकाश वाटिया, विद्यालय स्टॉफ एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

### बैकयार्ड योजना के तहत 83 हितग्राहियों को वितरित किए गए चूज़े



**डिंडौरी ।** बुधवार 24 दिसंबर 2025 को डिंडौरी विकासखंड अंतर्गत बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के तहत ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर कुल 83 हितग्राहियों को रंगीन चूज़ों का वितरण किया गया। योजना के अंतर्गत ग्राम बटौंधा में 13 यूनिट, मोहगांव 13 यूनिट, चिचरिंगपुर 10 यूनिट, भरद्वारा 20 यूनिट, कुदवारी 20 यूनिट, सुरखी 7 यूनिट वितरित किए गए।

बैकयार्ड पोल्ट्री योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाना है। रंगीन चूज़ों के पालन से हितग्राहियों को अंडा एवं मांस उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त होगा। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों ने हितग्राहियों को चूज़ों के रख-रखाव, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान कीं। जिला प्रशासन ने हितग्राहियों से योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की है।

### ग्रामीणों ने नया स्कूल भवन के लिए उठाई मांग

# स्कूल भवन के बिना पढ़ने को मजबूर बच्चे

# एक साल बाद भी नए भवन की स्वीकृति नहीं



**शहपुरा।** डिंडौरी जिले के मेहंदवानी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भोड़ासाज नेटी टोला में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। स्कूल भवन जर्जर होने के कारण अगस्त 2024 में प्रशासनिक आदेश पर उसे गिरा दिया गया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक नए स्कूल भवन की स्वीकृति नहीं मिल सकी है। इसका सीधा असर गांव के मासूम बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। भवन के अभाव में वर्तमान में स्कूल की कक्षाएं एक किसान के कच्चे मकान में संचालित की जा रही हैं, जहां न तो बच्चों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही सुरक्षित व अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे बच्चों की उपस्थिति और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम भोड़ासाज नेटी टोला के समस्त ग्रामीणों ने जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिंडौरी के सहायक आयुक्त को लिखित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नवीन स्कूल भवन स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है।





## सांदीपनि विद्यालय धनुवासागर में सृजन कार्यक्रम का सफल आयोजन

**डिंडौरी।** ग्राम धनुवासागर स्थित सांदीपनि शास. मॉडल उमावि विद्यालय डिंडौरी (शिक्षा विभाग) में दिनांक 24/12/2025 को विद्यार्थियों द्वारा अर्जित शैक्षणिक उपलब्धि के अतिरिक्त विभिन्न कौशल जैसे रचनात्मकता, सृजनात्मकता, समस्या से निपटने की क्षमता व अन्य उपलब्धियों पर *सृजन कार्यक्रम* (भविष्य से भेंट) का शिक्षक, पालक गण एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में सफल आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर मॉडल एवं चार्ट की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका पालकों द्वारा अवलोकन किया गया साथ ही पालक शिक्षक की एक सामूहिक बैठक भी सभागार कक्ष में आयोजित की जिसमें मंच संचालन का कार्य डॉ. कंचन बर्मन मेम एवं विद्यालय में प्रति दिवस आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं जैसे प्रवेश रूटीन, प्रिंट रिच, मॉर्निंग मीटिंग,स्कूल असेंबली,जीवन कौशल उमंग, आनंद सभा , करियर गाईडेंस,सर्कल टाइम,सीसीएलई, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा,MP टूरिज्म प्रतियोगिता एवं विद्यार्थियों के हितार्थ शासन स्तर की योजनाओं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क सायकल योजना, छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना,मेधावी छात्र एवं छात्राओं हेतु स्कूटी योजना, लैपटॉप योजना,अपार ID, यू डाइस, मध्याह्न भोजन, एवं विभिन्न जयंतियों एवं त्योहारों के आयोजन के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी संबंधित विभिन्न शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत की गई अन्त में संस्था के प्राचार्य श्री जे एस मरकाम एवं प्रधानपाठक श्री सुखदेव सिंह उद्दे द्वारा अभिभावकों का सृजन कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त करने के साथ साथ उनके समक्ष विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार का वितरण, 100प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का पुरस्कार देकर सम्मान किया गया इसके अतिरिक्त MP Tourism की जिला स्तरीय सांदीपनि विद्यालय की विजेता टीम के विद्यार्थी दीपक गौतम, रूद्रप्रताप झारिया, तेजराम बिलागर एवं प्रभारी शिक्षक श्री मनीष कुमार सोनी को राज्य स्तर MP Tourism प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सहभागिता करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## समय से पहले लटक रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले

**अमरपुर।** महिला बाल विकास अमरपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम पंचायत चारपानी के आंगनबाड़ी केंद्र (बड़े टोला) का मामला प्रकाश में आया हैं। जहां पर लगभग 1 बजे आंगनबाड़ी केंद्र बड़े टोला में ताला लटका हुआ मिला। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र खुला था। परन्तु कुछ समय पहले ही आंगनबाड़ी बंद कर निकल गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के सामने दीवाल में लिखा हैं कि आंगनबाड़ी खुलने का समय प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित रहना हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां समय सारणी के अनुसार 9 बजे से आंगनबाड़ी खोलना और बच्चों का स्वागत साफ सफाई सामूहिक गतिविधि उपरांत 9 से 10 बजे नाश्ता हाथ में साबुन से धुलाकर गोल घेरे में बिठाल कर 10:30 से 11 छोटे बच्चों की गतिविधियों 11 से 11:30 भाषा साक्षरता व पूर्व कौशल गतिविधियों 12 रचनात्मक गतिविधियां 12 से एक बाहरी खेल 1 से 2 भोजन साबुन से हाथ धुलाकर वार्डमील पोषण परामर्श किशोरी बालिका परामर्श 2 से 3 बजे को अभिभावकों तक पहुंचाना तीन से रिकॉर्ड संधारण इस प्रकार से समय सारणी अनुसार गतिविधियों करनी हैं। लेकिन समय में ना आंगनवाड़ी खुलता और समय से पहले आंगनबाड़ी बंद हो जाता हैं। साथ ही यह भी बताया जा रहा हैं कि समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका आंगनबाड़ी केंद्र नहीं पहुंच पाते और समय से पहले आंगनबाड़ी बंद कर निकल जाते हैं। इस प्रकार चारपानी के और भी आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत एक जैसे देखने को मिला लेकिन ऐसी हालत कोई चारपानी आंगनबाड़ी केंद्रों का बस नहीं हैं। ऐसी हालत बहुत से आंगनबाड़ी केन्द्रों का देखने को मिल रहे हैं। समय में ना तो बहुत से आंगनबाड़ी केन्द्र खुल पा रहे हैं। और ना ही समय में आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं पहुंच पाते हैं। इस प्रकार की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।



**इनका कहना हैं:-**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया हैं, मैं दिखवाता हूं जाँच के बाद लापरवाही पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

**त्रिलोक भवेदी**
**परियोजना अधिकारी**
**अमरपुर**

## उत्कृष्ट वनधन केन्द्र में डिंडौरी ने हासिल किया द्वितीय स्थान

### अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में मिली सफलता

**डिंडौरी।** भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में जिला वनोपज संघ के अंतर्गत वन धन केंद्र डिंडोरी और भानपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट वनधन केंद्र की श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से डिंडौरी जिले का नाम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। यह उल्लेखनीय सफलता वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर के कुशल नेतृत्व एवं उनकी टीम के समन्वित प्रयासों से संभव हो पाया। श्री सोनकर के द्वारा वन धन केंद्र द्वारा उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर देखने को मिले। अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में वन धन केंद्र भानपुर द्वारा प्राकृतिक एवं औषधीय गुणों से भरपूर वनोपज उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। इनमें आंवला अचार, आंवला कैंडी, शतावर चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, कालमेघ चूर्ण, शुद्ध शहद, मशरूम पाउडर एवं अर्जुन चाय प्रमुख रहे। इन उत्पादों की गुणवत्ता एवं पारंपरिक निर्माण पद्धति को निर्णायक मंडल एवं आगंतुकों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई। इस उपलब्धि में वन धन केंद्र की पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा। विशेष रूप से सुनील कोरी, वनरक्षक, भागवत सिंह धुर्वे, प्रबंधक डिंडोरी समिति, गौतम सिंह परस्ते, अध्यक्ष वनधन डिंडोरी, लाल सिंह सरकाम, अध्यक्ष वनधन भानपुर, बसंत सोनवानी, सचिव वनधन भानपुर के सतत परिश्रम, अनुशासन एवं टीम भावना से यह सफलता प्राप्त हुई। यह उपलब्धि वनोपज आधारित आजीविका, जनजातीय एवं ग्रामीण समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण है। इस सफलता के लिए मुख्य वन संरक्षक जबलपुर, वन मंडल अधिकारी डिंडौरी, उपवन मंडल अधिकारी डिंडौरी, परिक्षेत्र डिंडौरी एवं उत्तर समनापुर परिक्षेत्र की टीम को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से वनधन केंद्र निरंतर प्रगति कर रहा है।



## आकांक्षी विकासखंड बजाग़ में की गई समीक्षा बैठक का आयोजन



**डिंडोरी।** वॉश ऑन व्हील्स योजना का उद्देश्य स्वच्छता के साथ युवाओं को रोजगार प्रदान करना। जनपद पंचायत बजाग, जिला डिंडोरी में सामान्य सभा एवं आकांक्षी ब्लॉक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद पंचायत बजाग अध्यक्ष फूलकली मरावी, उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, जनपद सदस्य, रामबाबू देवांगन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग एवं सभी खंड स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मनरेगा का नाम परिवर्तन कर ग्रामीण भारत जी राम जी के बारे में बताया गया। एक बगिया मां के नाम अभियान की समीक्षा,शहद उत्पादन के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद सदस्यों से आग्रह किया गया। खेत तालाब के हितग्राहियों को होने वाले लाभों की चर्चा की गई, जिसमें सब्जी उत्पादन, मत्स्य पालन, और कृषि के लाभ संबंधी चर्चा की गई। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा की गई, जिसमें तरच,पिपरिया में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा, एनीमिया की जागरूकता तथा उसकी जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास, नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रस्तावित जनपद पंचायत भवन की गुणवत्ता की समीक्षा अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई। छात्रावास में सभी जनपद सदस्यों से निरीक्षण करते रहने का आग्रह एवं उनकी स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने संबंधी चर्चा की गई। वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता उत्पादन लाभांश की राशि, वन अधिकार पटटो की समीक्षा की गई। विद्युत विभाग द्वारा हर घर बिजली योजना, धरती आबा के अंतर्गत हर घर बिजली की जानकारी दी गई। राम बाबू देवांगन ने बताया कि वॉश ऑन व्हील्स डिंडोरी की एक अनोखी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत, मोबाइल इकाइयों के माध्यम से गांव-गांव जाकर शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य शौचालयों की सफाई के लिए एक संगठित और स्वच्छ दृष्टिकोण स्थापित करना और बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करना है।

वॉश ऑन व्हील्स योजना के तहत, स्वच्छता साथियों को आधुनिक उपकरण और सुरक्षा गियर प्रदान किए जाते हैं। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है और रूट चार्ट और अनुबंध निर्धारित किए जाते हैं। इस योजना से स्वच्छता साथियों की मासिक आय 25-30 हजार रुपए तक होगी। आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत सभी विभागों एवं सभी इंडिकेटरों प्रमुख रूप से स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और लोगों के जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए काम करें।

## एक ही भवन में संचालित हो रहे हैं अस्पताल और स्कूल

### सरकारी स्कूल भवन डिस्मेंटल होने के बाद अस्पताल में किया जा रहा है स्कूल का संचालन करंजिया विकासखंड के परसेल का मामला

**डिंडौरी।** जिले में शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है, कहीं शिक्षकों का टोटा है तो कहीं स्कूल संचालन के लिए भवनों की कमी वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर ग्रामीणों और शिक्षकों के द्वारा घास फूस की झोपडी में स्कूल का संचालन किया जा रहा है तो कहीं पालको द्वारा चंदा करके किराये के भवन में बच्चों को पढ़ाने की मजबूरी बनी हुई है। आलम यह है कि शासन द्वारा शाला भवन जर्जर होने के बाद जमींदोंज करा दिया गया लेकिन विद्यार्थियों के लिए भवन की व्यवस्था नहीं कराई गई, ऐसी स्थिति में भविष्य संवारने की कवायद में शिक्षक और पालक विद्यार्थियों के भविष्य संवारने की जद्दोजहद में सोसायटी भवन या स्वास्थ्य केन्द्रों में स्कूल का संचालन करा रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी स्कूल का संचालन अस्पताल के भवन में किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिस भवन में मरीजों का इलाज होता है, उसी भवन के कमरों में बच्चों की कक्षाएं संचालित हो रही है। जो चर्चाओं का विषय बना हुआ है। करंजिया विकासखंड अंतर्गत परसेल गांव की माध्यमिक शाला इन दिनों गांव के आरोग्य केंद्र में संचालित हो रही है। अस्पताल के छोटे-छोटे कमरों में 57 बच्चों की पढ़ाई करवाई जा रही है। जहां एक ही बेंच पर चार-चार बच्चे बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि जगह की भारी कमी के बावजूद वे किसी तरह पढ़ाई में जुटे हुए हैं। वहीं स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक ने बताया कि करीब एक साल पहले स्कूल भवन जर्जर हो गया था, जिसे सुरक्षा कारणों से डिस्मेंटल कर दिया गया।इसके बाद से मजबूरी में स्कूल का संचालन अस्पताल भवन में किया जा रहा है। परसेल गांव के इसी आरोग्य मंदिर में टीवी उन्मूलन भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, ऐसे में एक ही भवन में इलाज और पढ़ाई का संचालन कई सवाल खड़े करता है। यहां स्वास्थ्य केन्द्र में तरह तरह के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं और बच्चे भी यहीं बैठकर अध्ययन कर रहे हैं, ऐसी दशा में विद्यार्थियों को बीमारियों की चपेट में आने की संभावना बनी हुई हैं बावजूद इसके भविष्य संवारने के लिए जोखिम उठाया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी माना कि अस्पताल और स्कूल का एक ही भवन में संचालन उचित नहीं है। मामले पर जब सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से बात की गई तो उन्होंने जल्द ही स्कूल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया है।



## प्राथमिक शाला शहपुरा में मतदाता सूची का वाचन संपन्न

**शहपुरा ।** निर्वाचन आयोग के 'विशेष गहन पुनरीक्षण 2026' अभियान के अंतर्गत दिन मंगलवार शासकीय प्राथमिक शाला शहपुरा में मतदाता सूची के वाचन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला परिसर में मतदाता सुभाष वार्ड क्रमांक-5 (भाग संख्या-84) के लिए आयोजित इस शिविर में बी.एल.ओ. श्री मरावी द्वारा उपस्थित नागरिकों के समक्ष मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि वार्ड का कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे और सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के मंडल प्रभारी एवं महामंत्री नितिन गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए नाम जुड़वाने और संशोधन की प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर वार्ड नंबर-9 पार्षद सुरेंद्र साहू और वार्ड नंबर-8 देवेंद्र बनवासी भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे और व्यवस्थाओं में सहयोग किया।उल्लेखनीय वाचन के दौरान लगभग 10 से अधिक मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उपस्थित जनों में मुख्य रूप से सुरेश कुमार साई, खन्ना कछवाहा एवं अन्य स्थानीय नागरिक शामिल थे। बी.एल.ओ. ने बताया कि मतदाता सूची 2026 के इस शुद्धिकरण कार्य से आने वाले चुनावों में पारदर्शिता बढ़ेगी।




## खबर संक्षेप



### छात्र छात्राओं ने किया आईटीआई का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में व्यावसायिक शिक्षा आईटी ट्रेड के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को परमहंस आईटीआई एवं विक्रमादित्य आईटीआई का भ्रमण प्राचार्य शैलेंद्र बक्शी के मार्गदर्शन में कराया गया इस भ्रमण में छात्र-छात्राओं को वेल्डर ट्रेड सोलर पैनल ट्रेड नर्सिंग ट्रेड और आईटी लैब की प्रशिक्षण में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई इसी कार्यक्रम में विक्रमादित्य आईटीआई के अंतर्गत आईटी ट्रेड की प्रशिक्षण की कोर्सेज की जानकारी के साथ-साथ उनसे फीडबैक के लिए फार्म उपलब्ध कराए गए जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर पार्टिसिपेट किया और छात्राओं ने नर्सिंग कोर्स के लिए विशेष अभिरुचि प्रदर्शित की इस सारे कार्यक्रम में शैलेंद्र बक्शी प्राचार्य के साथ आईटीआई ट्रेनर चंद्रप्रकाश पटेल आयुष दुबे महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वल्पाहार एवं परिवहन व्यवस्था के लिए विजय पटेल, नोडल अधिकारी राजेश सिंगोतिया, एग्रीकल्चर प्रशिक्षक आकाश रंगारे एवं आईटी प्रशिक्षक श्रीमती भावना मिश्रा उपस्थित रहे।

### आज मनाया जाएगा क्रिसमस



नरसिंहपुर। प्रेम, भाईचारा एवं शांति के संदेश के साथ मानव जाति के उद्धार के लिए अवतरित प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव धार्मिक सद्भाव एवं समन्वय की दृष्टि से सर्वधर्म मिलन समारोह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। सच्चिदानंद आश्रम एवं समन्वय परिवार ने बताया कि आज 25 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे सच्चिदानंद आश्रम में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।

### शिक्षक संघ की बैठक आज

**नरसिंहपुर।** प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में गुरुवार को डाइट प्रांगण नरसिंहपुर में 12 बजे से प्रांतीय इकाई और प्रांतीय बैठक में दिए गए निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश नरसिंहपुर द्वारा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में किया जा रहा है । बैठक में एजेंडा अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान, एरियर्स में विलंब, मंडल केंद्रों की संरचना और मंडल संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति की कार्यवाही, हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम हेतु धन्यवाद प्रस्ताव का अनुवर्तन कार्यक्रम, आगामी कर्तव्य बोध एवं शाश्वत जीवन मूल्य कार्यशाला का आयोजन, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ अभियान का क्रियान्वयन, जिला स्तरीय शिक्षक समस्याओं का समाधान हेतु रणनीति तैयार की जावेगी। सभी दायित्ववान शिक्षक और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक आयोजित होगी।

### माता अनुसुइया की धर्म की शक्ति को है दर्शाती-साक्षी किशोरीजी



गोटेगांव। होटल शिवालय प्रांगण स्थित आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचिका बाल विदुषी सुश्री साक्षी किशोरी के द्वारा माता अनुसुइया के पतिव्रता धर्म के प्रसंग में बताया कि किस तरह तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने भिक्षुक का रूप धारण किया था। माता अनुसुइया ने उन्हें भोजन के लिए आमंत्रित किया और अपने पतिव्रता धर्म के प्रभाव से उन्हें बालक बना दिया। यह कथा हमें माता अनुसुइया की भक्ति और पतिव्रता धर्म की शक्ति को दर्शाती है कथा में रोजाना सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है अगले दिन कथा में श्री कृष्णा प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें आसपास क्षेत्र के संपूर्ण श्रद्धालु श्रीमद् कथा में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं !



## मंडी टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा

# ठंड व धूप से जूझने व सड़क पर नीलामी के लिए मजबूर किसान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सरकार द्वारा किसानों को खुशहाल बनाने के लिए मंचो से बड़े - बड़े वादे किए जाते है और उन्हे पूरा करने के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही है लेकिन धरातल पर सरकार की मूल्यवान योजनाएं प्रशासनिक अधिकारियों उदासीनता के कारण कागजों पर सिमट कर रह जाती है ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी से सामने आया जहां पर किसानों कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। हालात ऐसे बने हुए है कि किसान रोड पर रात बिताने के लिए मजबूर बने हुए है और सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा बना हुआ है।

### मंडी के शेड बन रहे गोदाम

सरकार द्वारा भावांतर योजना के तहत मक्के की खरीदी सरकार के द्वारा नहीं किए जाने के कारण पूरा अनाज मंडी में लाया जा रहा है विगत माह से मक्के की आवक शुरू हुई किसानों को आगामी फसल की तैयारी के लिए जल्द से जल्द मक्का को बेचकर व्यवस्थाएं जुटाई जा रही है जिससे भारी मात्रा में मंडी में मक्का लाया जा रहा है। व्यापारियों ने कई दिनों से अनाज नहीं उठाया और मंडी में अधिकृत रूप से बोली लगाकर अनाज की खरीदी करने वाले व्यापारी जो अनेकों दशकों से अनाज का व्यापार व्यापक रूप से कर रहे हैं सभी व्यापारियों ने संगठन बनाया हुआ है कुछ बड़े व्यापारी मंडी परिसर में अपने धनबल का दुरुपयोग हमेशा से करते आ रहे हैं छोटे व्यापारियों का शोषण करने के साथ मंडी परिसर को भी अब अपनी ही जागीर समझने लगे हैं भारी मात्रा में खरीदी कर



सभी नियमों को ताक में रखकर अपनी सुविधा के अनुसार मंडी परिसर का उपयोग करते हैं इसी के कारण सभी व्यवस्थाएं धराशाई हो जाती हैं वर्तमान में कुछ व्यापारियों में पूरी मंडी परिसर में कब्जा किया हुआ है हजारों क्विंटल अनाज विगत कई दिनों से रखे हुए हैं और रोज खरीदी का अनाज भी मंडी परिसर में भंडारण कर रखा हुआ है।

### सड़क पर किसान, शेड पर माल

जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। मंडी परिसर में किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए करोड़ों की लागत से बनाए गए टीन शेड अब व्यापारियों के कब्जे में है और गोदाम बनकर रह गए हैं। हालात यह हैं कि किसानों को अपनी उपज सड़क पर रखकर बोली लगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मंडी के मुख्य टीन शेडों के नीचे व्यापारियों ने अपना खरीदा हुआ पुराना माल जमा रखा है। नियमानुसार ये शेड किसानों की उपज को मौसम की मार से बचाने और वहां नीलामी प्रक्रिया संपन्न करने के लिए बनाए गए थे। लेकिन व्यापारियों के स्थायी कब्जे के कारण किसानों को खुले आसमान के नीचे, धूप और धूल कचरे के बीच अपनी फसल खाली करनी पड़ रही है। यहाँ तक की आने जाने बाले बाहन भी अनाज के ऊपर से बाहन निकाल रहे है कृषि उपज मंडी में हाल ही में हुई उपज मक्का की खरीदी के चलते मंडी परिसर की स्थिति देखते ही बन रही है परिसर में 6 शेड बने हुए हैं। और सभी शेड में पहुंचने के लिए अच्छा खासा चैड़ाई से पहुंच मार्ग बने हुए हैं जिससे पूरी मंडी में वाहनों का आवागमन सुगमता से हो सके लेकिन विडंबना यह है कि फसल की आवक प्रतिदिन हजारों क्विंटल है जो मंडी परिसर में किसानों के द्वारा बिक्री के लिए लाई जा रही है।

### नहीं दी जाती पेनाल्टी

कृषि उपज मंडी के नियमानुसार यदि व्यापारी द्वारा बोली के दौरान खरीदी गई उपज को 24 घंटे के भीतर तुलाई कराकर मंडी के शेड से उठाना अनिवार्य होता है नही तो व्यापारी को 24 घंटे के बाद प्रति क्विंटल अनाज की पेनाल्टी देने का नियम है लेकिन कुछ रसूखदार व्यापारियों द्वारा मंडी मे कब्जा कर रखा है और ना तो पेनाल्टी दी जाती है और ना ही माल को उठाया जा रहा है। 24 घंटे के अंदर खरीदे गए अनाज का परिवहन किया जाना चाहिए यदि किसी कारण बस यदि परिवहन नहीं हो पाता तो 24 घंटे उपरांत निर्धारित विलंब शुल्क जमा कर समय अवधि मंडी प्रशासन से बढ़ाया जाने के लिए अनुमति लेना चाहिए लेकिन यहां यह सब लागू नहीं होता व्यापारी खरीदी कर जब मर्जी हो तब तक वह शेड में भंडारण किए रहता है बिना किसी शुल्क जमा कर, जिसके कारण मंडी परिसर में खरीदी के लिए भी खाली जगह उपलब्ध नहीं रहती और मंडी समिति को बड़े नुकसान का सामना करना पड़ता है इससे प्रतीत होता है कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों के साथ मिलीभगत कर शासन को चूना लगाया जा रहा है।



## सांदीपनि विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में आज सृजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदूरख्या, ए डी पी सी विपनेश जैन एवं अन्य गणमान्य पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागतगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों मे सहभागिता करने वाली छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से वस्त्र प्रदान किए गए । संस्था के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते बताया कि मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग और लोशि संचालनालय मप्र भोपाल के निर्देश अनुसार लगातार चैथे वर्ष सृजन कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की सीख का उत्सव और बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की कल्पनाशक्ति, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिथि द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धक संबोधन दिया गया तथा विद्यार्थियों में नैतिक गुणों के विकास पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडलों एवं रचनात्मक कृतियों का स्वयं निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। अतिथियों के साथ संस्था के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा, माध्यमिक विभाग की प्रधान अध्यापिका श्रीमती माधुरी गर्ग, प्रधान पाठक एम. ए. अंसारी एवं देवेश वैद्य उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय ने जीता आरोहण का खिताब

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु एम.आई.एम.टी. कॉलेज द्वारा आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर एवं शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर के मध्य खेला गया। मैच का पुरस्कार वितरण सत्र पं. मैथिलीशरण तिवारी अध्यक्ष भारत कृषक समाज नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ट चिकित्सक डॉ. संजीव चांदोरकर की अध्यक्षता, वरिष्ट समाजसेवी इंजी. सुनील कोठारी, चै चंद्रशेखर साहू, रोटे. प्रसून धोरेलिया, सरदार मनमोहन सलूजा एवं इंजी. नमन नेमा के विशिष्ट आतिथ्य एवं इंजी रुद्रेश तिवारी चेयरमैन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर तथा डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में युवाओं को खेल गतिविधियों को सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने टूर्नामेन्ट की प्रशंसा करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं प्रेषित की। विशिष्ट अतिथि इंजी. सुनील कोठारी एवं इंजी. नमन नेमा ने अपने प्रेरक उद्बोधन से युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। चेयरमेन इंजी रुद्रेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों एवं समस्त विद्यालयों का स्वागत करते हुए आरोहण इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप



2025 की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा आभार प्रदर्शन तथा संचालन मेजर डॉ. पराग नेमा एवं श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण सत्र का शुभारंभ राष्ट्रगान तथा महाविद्यालय के पूर्व छात्र अमर शहीद निरीक्षक आशीष शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पूर्व मैच के उद्घाटन सत्र के अतिथि जी.एस. पटेल प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, सुश्री प्रीति नेमा प्रभारी प्राचार्य नेहरू स्कूल, वरिष्ट पत्रकार संजय जैन, नीलेश जाट एवं इंजी. मनीष इंदोलिया द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच में शासकीय नेहरू स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया एवं निर्धारित 12 ओवर में 157 रन 09 विकेट खोकर बनाये। 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की टीम ने 08 वें ओवर में 02 विकेट खोकर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। एम्पायर की भूमिका में तेग बहादुर, सुमित राजपूत, वासु स्वामी, मो. एजाज खान सहित थर्ड एम्पायर मो. आशिक अली तथा मैच रैफरी करीम खान, स्कोरर अथर्व नेमा तथा रीतेश चौधरी, दयाशंकर यादव, कामेंट्रेटर डॉ पराग नेमा, विनोद नेमा, प्रमोद नेमा, विनोद महोबिया एवं प्रभात ठाकुर को पुरस्कृत किया गया। एम.आई.एम.टी.एन.सी.सी. कंपनी के एन.सी.सी. केड्ट्सि को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया। उक्त अवसर पर पत्रकार कमल तिवारी, संतोष दुबे, विपिन बैरागी, मनीष शाह, विमल बानगात्री, ठा. आकाश सिंह, सुधीर मामू, राजीव कटारे, गोविन्द दुबे, सतीश दुबे, विनोद कोरी, गणेश प्रजापति, प्रशांत पांडे, तुलसी नौरिया, नरेन्द्र श्रीवास्तव, शिखा पटेल, गोविन्द चैरसिया एवं दोनों ही टीम के कोच, मैनेजर पंकज नेमा, राकेश दुबे, रोहित पटेल सहित बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रहीं। आयोजन समिति के सदस्य संयोजक डॉ. एस.एन. राव, लेफ्टि. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रसून नेमा, हेमराज सेन, विवेक जोशी, पवन कुशवाहा एवं शिव कुमार मेहरा ने सभी खेल प्रेमियों को सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। पुरस्कार वितरण सत्र के अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर को विजेता के रूप में 11000- नगद राशि, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र, उपविजेता शासकीय नेहरू स्कूल को 5100- नगद राशि, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से नबाजा गया। टूर्नामेन्ट के बेस्ट विकेट कीपर, बेस्ट फील्डर तथा मैन ऑफ द चैम्पियनशिप का पुरस्कार नेहरू स्कूल के हर्षित कहार, बेस्ट बॉलर सौम्य पटेल, बेस्ट बेट्समेन पं. नर्मदा प्रसाद दुबे मैमोरियल स्कूल कंजई के खिलाड़ी गीतेश पटेल तथा फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुबीर अरोरा उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। आरोहण 2025 के प्रत्येक मैच के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं प्रत्येक मैच के मेन ऑफ द मैच को ट्राफी एवं प्रशस्त्रि पत्र प्रदान किए गए।

# नौ दिवसीय सेवा सप्ताह एवं खेल महोत्सव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

### युवा कल्याण एवं स्वस्थ समाज के लिए खेल आयोजन की है बड़ी जरूरत- जालमसिंह

गोटेगांव

स्थानीय सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय सेवा सप्ताह एवं खेल महोत्सव को लेकर मंगलवार 23 दिसंबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालमसिंह पटेल ने कार्यक्रम का दिवसवार विवरण प्रस्तुत करते हुए बतायाकि यह आयोजन वर्ष 1982 से युवा कल्याण स्वस्थ समाज एवं सामाजिक चेतना की भावना के साथ निरंतर आयोजित किया जा रहा है, उन्होंने कहाकि खेल और सेवा को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना इस आयोजन का मूल उद्देश्य है, प्रतियोगिता का तृतीय दिवस 27 दिसंबर शनिवार पिंक



डेके रूप में मातृशक्ति के सशक्तिकरण एवं जागरण को समर्पित रहेगा, इसी दिन पूज्य श्री 'श्री बाबा श्री' जी की अनुकंपा से उनके अवतरण दिवस के अवसर पर श्री शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर एवं सुख सागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सहयोग से एक दिवसीय नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बतायाकि 28 दिसंबर रविवार को युवा तरुणाई के प्रेरणास्त्रोत कीर्तिशेष मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया की सेवा भावना को समर्पित करते हुए रक्तदान शिविर आयोजित करने के साथही अपोलो हॉस्पिटल एवं गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर के सौजन्य से तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर प्रारंभ होगा, इसी दिन गोटेगांव नगर में श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण, बुधगांव एवं धुधरीघाट नरसिंहपुर में उनकी प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, मोनू भैया को जन्मजयंती के अवसर पर नरसिंहपुर जिले के गौरव अमरशहीद आशीष शर्मा के परिवार का सम्मान भी कियाजाएगा, उन्होंने कहाकि आज के समय में युवाओं को नशे से दूर रखते हुए खेल एवं सामाजिक गति विधियों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, यह आयोजन उसी दिशा में एक सशक्त प्रयास है, उन्होंने बतायाकि इस महोत्सव में खेल एवं सेवा के साथसाथ सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े कार्यक्रमों को भी शामिल किया गया है, तत्पश्चात मणिनागेंद्रसिंह फाउंडेशन सचिव इंजी. सरदारसिंह पटेल ने प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों एवं उनमें दी जा रही इनाम राशि की जानकारी देते हुए कहाकि यह आयोजन क्षेत्र की विशिष्ट पहचान बन चुका है, उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील करते हुए विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया प्रेसवार्ता में एस. के. एम. जी. स्थायी समिति अध्यक्ष उमाशंकर साहू आयोजन समिति अध्यक्ष अजितखरया क्षेत्रीय आयोजन समिति अध्यक्ष त्रिभुवनसाहू पूर्व विधायक हाकमसिंह चढार दादूरामपटेल राजकुमारजैन चौ. विभाष जैन एकमसिंह पटेल सुनील कोठारी पं. जितेंद्र चौबे पंकजचौकसे शक्तिसिंह राजपूत निधानसिंह पटेल इ. देवदत्तपचौरी राजेंद्रराय प्रदीप जैन राजाराम तिवारी जितेंद्र ठाकुर राजेश राजपूत दीपकसोनी सत्यनारायण मिश्रा उमाशंकरछिरा जन शिक्षक मनीष जैन तुलसीगोस्वामी, अमन, एसडीएम श्रीमती संघमित्रा गौतम तहसीलदार नीरज तखरिया एसडीओपी मनीषत्रिपाठी बीएमओ एसएस धुर्वे सतीश उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य जन समस्त पत्रकारबंधुओ की उपस्थिति में समापन पर मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल द्वारा उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सांदीपनि विद्यालय में सृजन कार्यक्रम आयोजित डीईओ ने विद्यार्थियों को दी सफलता की सीख

गोटेगांव

दिवस स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य एस. के. सिसोदिया के मार्गदर्शन में प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षाओं का वर्षभर में सीखी गई गतिविधियों क्राफ्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम लेखनकला नृत्यकला मूर्तिकला पेंटिंग गायन तथा अन्य विधाओं का सृजन कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदर्शन करने का अवसर मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इन्दुरख्या एडीपीसी विपनेश जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव सिद्धांतबागड़े की गरियामय उपस्थिति में मिला सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती मैयाजी का पूजन अर्चन करने के उपरांत सभी अतिथियों व शिक्षकों और पालकों द्वारा विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, विद्यार्थी के मातापिता द्वारा कक्षा 1 से 10 तक के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का अवलोकन कर जिला शिक्षा अधिकारी ने मंच पर उन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जो प्रतिदिन अपने मातापिता के सुबह उठकर पैर छूते हैं तथा सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन अपने मातापिता के चरण छूने के पश्चात पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया प्राथमिक तथा माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य द्वारा अतिथियों का मन मोह लिया, तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा दसवीं में गणित, अंग्रेजी तथा विज्ञान विषय के अध्यापन कार्य का निरीक्षण करके विद्यार्थियों से तीनों विषय के प्रश्न पूछे गए, तीनों अधिकारीयों द्वारा उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर प्रत्येक विद्यार्थी को अपने किसी भी एक कॉपी के पिछले पेज पर त्रैमासिक परीक्षा परिणाम, अर्धवार्षिक परीक्षा देखकर प्रीबोर्ड एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम की तैयारी हेतु प्रेरित किया, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय के भवन का अवलोकन कर जल्द से जल्द भवन पूर्ण करने हेतु चर्चा किए जाने के उपरांत समापन पर उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन प्राचार्य एसके सिसोदिया द्वारा किया गया।